एक नजर में

स्वच्छता और कचरा प्रबंधन पर हुई चर्चा

बैतूल। स्वच्छता दिवस के अवसर पर ग्रीन आर्मी युवा मंडल ने मेरा युवा भारत (माय भारत) एवं नेहरू युवा केंद्र, बैतूल के सहयोग से सेहरा ग्राम पंचायत में ग्रामसभा का आयोजन किया। ग्रामसभा में स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और गांव को साफ-सुथरा बनाए रखने को लेकर चर्चा करते हुए ग्रामीणों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव सहित गांव के सम्मानित नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामीणों को कचरे का उचित प्रबंधन करने तथा गांव के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। ग्रीन आर्मी युवा मंडल के सदस्यों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर स्वच्छता के प्रति सामूहिक भागीदारी और जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में ग्रामीणों की सहभागिता रही।

निबंध प्रतियोगिता में व्यक्त किए विचार

बैतूल। गांधी जयंती के अवसर पर जीनियस यूथ क्लब, गोदीढाना में मेरा युवा भारत (माय भारत) एवं नेहरू युवा केंद्र, बैतूल के सहयोग से निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। प्रतियोगिता में युवाओं ने महात्मा गांधी के जीवन, विचारों, स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे विषयों पर निबंध लिखे। प्रतिभागियों ने अपने विचारों के माध्यम से गांधीजी के सिद्धांतों को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर युवाओं को स्वच्छता, अहिंसा और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जीनियस यूथ क्लब के सदस्य एवं स्थानीय प्रतिभागी मौजूद रहे।

1035 लोगों ने लिया आयुष सेवाओं का लाभ

बैतूल। आयुष विभाग द्वारा सेवा सेतु अभियान के तहत जिले के सभी 9 ब्लॉकों में शनिवार को आयुष शिविर लगाए गए। शिविरों में 18 चिकित्सकों सहित विभागीय कर्मचारियों ने लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराईं। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर 3 अक्टूबर को ब्लॉक स्तर पर शिविर आयोजित किए गए। इनमें कुल 1035 लोगों ने आयुष सेवाओं का लाभ लिया और उन्हें आवश्यक आयुष औषधियां उपलब्ध कराई गईं। उन्होंने बताया कि सेवा सेतु अभियान के तहत आज 4 अक्टूबर को नगरीय क्षेत्र में आयुष शिविर आयोजित किया जाएगा। विभाग ने लोगों से शिविर में पहुंचकर आयुष चिकित्सा सेवाओं और औषधियों का लाभ लेने की अपील की है।

गर्मी से राहत : दनोरा स्कूल को मिले चार पंखे

बैतूल। दनोरा की शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला में नव युवा शक्ति दनोरा की ओर से विद्यार्थियों की सुविधा के लिए चार पंखे भेंट किए गए। यह पहल जिला प्रशासन के शिक्षा संजीवनी अभियान के तहत की गई। पंखे मिलने से विद्यार्थियों को गर्मी में राहत मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता को लेकर भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बीआरसी दुर्गेश रघुवंशी, सीएसी रवि अतुलकर एवं राजेश महाते मौजूद रहे। शाला परिवार की ओर से संस्था प्रमुख दिलीप वरवड़े, शिक्षक दिनेश पवार, संतोष डोंगरे, श्रीमती आशा वाइकर, श्रीमती प्रतिभा माथुर और निर्मला गोयल ने सहयोग किया।

इस साल जिले की 1,89,616 हेक्टेयर क्षेत्र में बोई फसल इंश्योर्ड

नवभारत न्यूज

बैतूल, 3 अक्टूबर. जिले में खेती का दायरा बढ़ा है और करीब ढाई लाख से अधिक कृषक परिवार कृषि पर निर्भर है। इन किसानों द्वारा भारी परिश्रम कर फसलों को तैयार किया जाता है।

पिछले साल से 700 ज्यादा किसानों ने कराया बीमा

ऐसे में फसल के प्राकृतिक आपदा-विपदा से बर्बाद होने पर आर्थिक रूप से भरपाई के लिए फसल बीमा जरुरी है और जिले के किसान इस बात को समझ भी रहे हैं। यही कारण है कि इस बार खरीफ सीजन के लिए फसल बीमा कराने वाले किसानों की संख्या एक लाख के पार पहुंच गई है। इस साल जिले में खरीफ सीजन में करीब 107004 किसानों ने फसल बीमा कराया है। किसानों ने महज 15 करोड़ से कुछ ज्यादा का प्रीमियम अदा कर अपनी 7.51 अरब रुपये से अधिक की फसल सुरक्षित कर ली है। दरअसल फसल बीमा कराने से किसानों को प्राकृतिक आपदा-विपदा से बर्बाद होने पर आर्थिक क्षति की संभावना कम रहती है। फसल खराब होने पर कर्ज चुकाने की चिंता कम हो जाती है। आसानी से कृषि ऋण मिलने में मदद मिलती है और किसानों को मानसिक तनाव से मुक्ति और आत्मबल मिलता है। इसके साथ ही फसल बीमा कराने के बाद किसान फसल के किसी आपदा-विपदा या बीमारी से बर्बाद होने से होने वाले नुकसान की भरपाई को लेकर निश्चिंत हो जाते हैं।

पिछले साल से अधिक किसानों ने कराया बीमा : जिले में फसल बीमा कराने वाले किसानों की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। पिछले साल की अपेक्षा इस साल ज्यादा किसानों ने फसल बीमा कराया है। कृषि विभाग ने खरीफ सीजन के लिए 15 अगस्त तक फसल बीमा कराने के लिए अभियान चलाया। इसके अच्छे नतीजे भी देखने को मिले। इस साल जिले के 1 लाख, 07 हजार, 004 किसानों ने फसल बीमा कराया है। यह संख्या बीते साल से करीब 700 ज्यादा है, क्योंकि फसल बीमा कराने के बाद किसान फसल के किसी आपदा-विपदा या बीमारी से बर्बाद होने से होने वाले नुकसान की भरपाई को लेकर निश्चिंत हो जाते हैं। हालांकि जिले में जितने किसान है, उसकी अपेक्षा आधे ही किसानों ने फसल बीमा कराया है।

अऋणी किसानों की संख्या भी बढ़ी : बीमा कराने वाले किसानों में ऋणी किसानों के 3 लाख, 62 हजार, 555 और अऋणी किसानों के 18844 आवेदन आए हैं। इससे जाहिर है कि किसान बीमा को लेकर खासे जागरूक हुए हैं। किसानों की संख्या के मुकाबले आवेदन इसलिए अधिक होते हैं, क्योंकि यदि एक किसान के नाम से 5 खसरों में जमीन हैं तो उसके 5 आवेदन माने जाते हैं। इससे साफ है कि योजना का मौजूदा कवरेज मुख्य रूप से उन किसानों पर निर्भर है, जिनका फसल ऋण से जुड़ाव है। दूसरी ओर गैर ऋणधारी किसानों की भागीदारी बेहद बेहद कम है।

सबसे ज्यादा मुलताई के किसानों ने कराया बीमा

वैसे तो जिले के सभी ब्लाकों के किसानों ने फसल बीमा कराया है, लेकिन इनमें सबसे अधिक मुलताई ब्लाक के किसान है, जिन्होंने फसल बीमा कराया है। मुलताई ब्लाक के 17,273 किसानों और इसके बाद प्रभातपट्टन के 14555 किसानों ने फसल बीमा कराया है। सबसे कम फसल बीमा बैतूल शहर के किसान ने कराया है। बैतूल शहर के 95 किसानों ने ही फसल बीमा का लाभ लिया है। इसके अलावा आमला में 12513 किसान, आठनेर 11827 किसान, बैतूल 13884 किसान, भैंसदेही 12526, भीमपुर 6727 किसान, चिचोली 5253 किसान, घोड़ाडोंगरी 7753 किसान और शाहपुर के 4598 किसानों ने फसल बीमा कराया है। कुल मिलाकर जिले में खरीफ सीजन के लिए 1 लाख 7 हजार 4 किसानों ने फसल बीमा कराकर फसल बीमा योजना का लाभ लिया है।

फसल बीमा कराने के बाद कोई चिन्ता नहीं

इन किसानों की कुल 1 लाख, 89 हजार, 616 हेक्टेयर जमीन में बोई फसल इंश्योर्ड हुई है। कुल 7 अरब, 51 करोड़, 68 लाख, 11 हजार, 477 रुपये की फसल बीमित हुई है, जबकि इसके लिए किसानों ने प्रीमियम के रूप में मात्र 15 करोड़, 3 लाख, 35 हजार, 361 रुपये ही अदा किए हैं। प्रीमियम की शेष राशि के लिए प्रदेश सरकार 30 करोड़, 24 लाख 74 हजार, 984 रुपये और इतनी ही राशि केंद्र सरकार द्वारा अदा की जाएगी। बता दे कि फसल बीमा करवा लेने पर किसानों को आपदा-विपदा या किसी बीमारी से फसल की बबांदी की चिंता नहीं रहती। ऐसी कोई भी स्थिति बनने पर बीमा कंपनी द्वारा नुकसान की भरपाई की जाती है। इसी के चलते बड़ी तादाद में किसानों ने फसल बीमा कराया है। खरीफ सीजन के लिए बीमा कराने के लिए अंतिम तिथि पहले 31 जुलाई थी, जिसे बाद में बढ़ाकर 16 अगस्त कर दी गई थी।

सेवा सेतु अभियान शिविर में 278 आवेदन का निराकरण

मुलताई। जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कामथ के सामुदायिक भवन में शनिवार को सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 457 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 278 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों के संबंध में संबंधित हितग्राहियों को पात्रतानुसार शीघ्र लाभ प्रदान किए जाने का आश्वासन संबंधित विभाग द्वारा दिया गया।शिविर के दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। राजस्व विभागया के अंतर्गत कुल 91 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे 75 हितग्राहियों को मौके पर लाभ प्रदाय किया गया एवं सामाजिक न्याय विभाग अंतर्गत 43 हितग्राहियों को पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया गया। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु 10 हितग्राहियों को 12 हजार रुपए प्रति हितग्राही की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। वहीं वीबीजी रामजी योजना अंतर्गत 10 हितग्राहियों को तथा 12 हितग्राहियों को मृदा परीक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 10 हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया।आजीविका मिशन अंतर्गत 58 स्व-सहायता समूहों को कुल 2 करोड़ 39 लाख 80 हजार रुपये की राशि का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

विधायक को सद्बुद्धि देने कांग्रेसियों ने किया हवन

सारनी। ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने विधायक को सद्बुद्धि देने के लिए हवन पूजन किया है। शनिवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बटेश्वर भारती ने नगर के मुख्य शापिंग सेंटर में विधायक पंडागरे को सद्बुद्धि के लिए हवन कर अहुति दी। उन्होंने कहा कि विधायक ने जनहित से जुड़े मुद्दों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं किए जाने एवं बेरोजगार युवाओं को गुंडा कहे जाने के विरोध मे सद्बुद्धि हवन किया है। श्री भारती का कहना है कि क्षेत्र की बेरोजगारी लंबे समय से बनी हुई है। 660 मेगावाट की नई इकाई के निर्माण कार्य में भी स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी सारणी द्वारा कई बार संबंधित अधिकारियों के समक्ष समस्या उठाने के बावजूद समाधान नहीं हो पाया। ब्लाक अध्यक्ष ने कहा कि युवा कांग्रेस ने रोजगार की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था और विधायक का ध्यान क्षेत्र की समस्याओं की ओर आकर्षित करना चाहते हैं। परंतु विधायक या उनके प्रतिनिधि की ओर से प्रदर्शनकरियो को गुंडा कहा गया है, जिसकी निंदा करते है। इस मौके पर नेहरू सिंग राजपूत, एसके उपरीत, शेख अप्पू,जफर अंसारी,मौजूद रहे।

नया बस स्टैंड बना रात्रि स्टॉपेज, बसों का रैन बसेरा

सारनी। विद्युत मंडल प्रबंधन द्वारा निर्मित नया बस स्टैंड केवल रात्री मे आने वाली बसों का रेन बसेरा बन कर रह गया है। इतना ही नहीं बस स्टैंड पर रुकने वाली बसों की धुलाई का अड्डा बन कर रह गया है। बताया जाता है कि नए बस स्टैंड पर रोजाना आठ से दस बस स्टॉपेज करती है। सुबह चार बजे से बसों निकलने का सिलसिला शुरू हो जाता हैं। रैन बसेरे से निकल कर सवारी बस जय स्तंभ चौक से यात्रियों को लाना ले जाना करती है। बताया जाता है कि विद्युत मंडल प्रबंधन ने 250 – 250 मेगावाट की दो इकाई के निर्माण के दौरान पुराने बस स्टैंड को तोड़ कर करीबन एक करोड़ की लागत से नए बस स्टैंड का निर्माण किया है। नए बस स्टैंड के संचालन का जिम्मा नगर पालिका सारनी को दिया है। पालिका ने बस स्टैंड की देखरेख के लिए चौकीदार एवं सफाई कामगार लगाकर रखे है। बस स्टैंड से बसों का संचालन आज तक शुरू नहीं हुआ है। इसी वजह से बस स्टैंड से एक भी यात्री नहीं बैठता है। दिन में यात्री बसे जय स्तंभ चौक से वापस लौट जाती है। केवल रात्रि में रुकने वाली बस ही बस स्टैंड आती है। लोगों का कहना है कि एक करोड़ की लागत से बने नए बस स्टैंड पर सभी सुविधा उपलब्ध है।

8 हजार बच्चों ने दी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

मुलताई। गायत्री परिवार द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देश पर प्रति वर्ष भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाता है।इस बार मुलताई पट्टन के करीब 8 हजार बच्चे परीक्षा में शामिल हुए।इस परीक्षा के आयोजन से बच्चों में भारतीय संस्कृति सनातन संस्कृति के बारे में जानकारी होती है, वहीं छात्र छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने विस्तृत मार्गदर्शन एवं जानकारी भी प्राप्त होती हैं। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक गुलाब राव चिल्हाटे ने बताया कि इस वर्ष सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के प्राचार्य ,शिक्षक, शिक्षिकाओ के विशेष सहयोग एवं गायत्री परिवार के सक्रिय कार्यकर्ताओ के अथक प्रयास से मुलताई एवं प्रभात पट्टन के करीब 240स्कूलों में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन हुआ। जिसमें कुल 8हजार छात्र छात्राओं ने भाग लिया , इस परीक्षा में जिला स्तर पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने एवं तहसील स्तर पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले हायर सेकेंडरी, हाइस्कूल एवं प्राथमिक स्तर पर प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा।

आज लगेगा नि :शुल्क कैंसर जांच एवं निदान शिविर

बैतूल। बैतूल नागरिक सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार 4 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक राधाकृष्ण धर्मशाला, बैतूल गंज में निशुल्क कैंसर जांच एवं निदान शिविर आयोजित किया जाएगा। समिति अध्यक्ष राजेश गावंडे ने बताया कि शिविर में कैंसर विशेषज्ञ एवं सर्जन डॉ. प्रभु जवंजाल, डॉ. राजेन्द्र सिंह अरोरा, इंडोस्कोपी विशेषज्ञ डॉ. अविनाश जवंजाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. लक्ष्मी जवंजाल, डॉ. अंजली ठाकरे, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. जी.डी. अडवानी, डॉ. नितिन अडवानी, डॉ. नीता अरोरा और डॉ. जाहिद अली सेवाएं देंगे। डीएमएलटी निलेश काकड़े के साथ स्थानीय चिकित्सक सर्जन डॉ. रमेश काकोड़िया, दंत चिकित्सक डॉ. वैभव साबले एवं डॉ. संदीप पाल भी मौजूद रहेंगे। शिविर में स्तन, स्त्री रोग, उदर, मुख, नाक-कान-गला एवं दंत संबंधी कैंसर की जांच और चिकित्सकीय परामर्श दिया जाएगा। मरीजों को आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा शुगर और ब्लड प्रेशर की प्रारंभिक जांच भी होगी। शिविर में अंकुरित आहार परिवार, महावीर इंटरनेशनल एवं एम.आर. एसोसिएशन सहयोग करेंगे। समिति ने नागरिकों से शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ की बैठक संपन्न

बैतूल। विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ जिला शाखा बैतूल की मासिक बैठक शनिवार को लिंक रोड स्थित मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उप महाप्रबंधक (संचा/संधा) कार्यालय के पुराने भवन में आयोजित हुई।

बैठक की अध्यक्षता संगठन अध्यक्ष रेवाराम वराठे ने की। बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर चर्चा की गई। साथ ही विगत माह सेवानिवृत्त हुए पेंशनर सदस्यों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया। राष्ट्रगान के बाद कैशलेस हेल्थ इंश्योरेंस योजना की जानकारी दी गई। पेंशनरों को 1 से 31 अक्टूबर के बीच संबंधित संभागों में आवेदन जमा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में 17 दिसंबर को पेंशनर्स दिवस के अवसर पर स्थानीय स्तर पर अधिवेशन आयोजित करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। निर्णय का सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। बैठक के समापन पर सचिव वीएन बारस्कर, एआर देशमुख, उपाध्यक्ष तथा कोषाध्यक्ष यूडी लिखितकर ने उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

नशामुक्त समाज के संकल्प के साथ निकली जागरुकता रैली

बैतूल। नशे के बढ़ते दुष्परिणामों के प्रति आमजन को जागरूक करने और नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेकर महाराणा प्रताप फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति जनजागरूकता अभियान के तहत आठ गांवों में जनजागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों, युवाओं और विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के तहत रैली से पहले अम्बाड़ा, सेमझिरा, मोही, सुखाबड़, बाड़ेगांव एवं खरपड़ा सहित विभिन्न गांवों में बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों में ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता करते हुए नशे के खिलाफ सामूहिक प्रयासों पर चर्चा की। युवाओं और विद्यार्थियों को नशे की गिरफ्त से दूर रखने तथा गांव-गांव में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई। फाउंडेशन के वीरेंद्र सिंह चौहान, श्याम सिंह चौहान एवं कैलाश सिंह परिहार ने बताया कि अभियान का उद्देश्य लाल समाज के विभिन्न वर्गों को नशामुक्ति के संकल्प से जोड़ना है। इसी उद्देश्य से गांधी जयंती पर आठ गांवों में जनजागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें लोगों को स्वस्थ और नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। रैली के दौरान नशे के खिलाफ जागरूकता का संदेश देते हुए ग्रामीणों से युवाओं को नशे से बचाने और समाज में सकारात्मक वातावरण तैयार करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर दिनेश सिंह चौहान, ताज सिंह सोलंकी, लाखन सिंह, नवल सिंह, जितेंद्र सिंह परमार सहित अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। सभी ने नशे के खिलाफ जनजागरूकता अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने और नशामुक्त समाज के निर्माण में सहभागिता का संकल्प लिया।

कार्यक्रम जनपद पंचायत आमला कार्यालय के नवीन भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन

आमला ब्लॉक में आयोजित शिविर में हितग्रहियों को हितलाभ वितरण

बैतूल। सेवा संकल्प अभियान के तहत नागरिकों को पारदर्शी, संवेदनशील, उत्तरदायी एवं समयबद्ध लोक सेवाएं उनके गांव एवं वार्ड स्तर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 3 अक्टूबर को जिले में विकासखंड स्तर पर सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान आमला, चिचोली, शाहपुर, घोड़ाडोंगरी, सारणी मुलताई, भैंसदेही, बैतूल, आठनेर तथा भीमपुर में आयोजित शिविरों में पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरण के साथ जन समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया गया। वहीं शेष आवेदनों पर समय सीमा तय कर अधिकारियों को समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार के तहत शनिवार को विशाल स्वास्थ्य परीक्षण एवं जन सेवा अभियान शिविर आमला में आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके, आमला विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नगर, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, जनपद पंचायत अध्यक्ष गणेश यादव, जनपद सदस्य, मुकेश खंडेलवाल सहित अन्य समस्त जनप्रतिनिधि तथा कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इसके पूर्व अतिथियों द्वारा जनपद पंचायत आमला कार्यालय के नवीन भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। तत्पश्चात अतिथियों ने विभिन्न विभागों की विभिन्न योजनाओं की प्रदर्शनियों का अवलोकन किया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के अंतर्गत अतिथियों द्वारा कु. करुणा राजू उईके और कु.अर्पणा धुर्वे को स्कूटी वितरित की गई। हितग्राही संवाद के दौरान दिव्यांग श्री आशा राम रहड़वे ने प्रधानमंत्री आवास योजना से मिले पक्के मकान के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में योजनाओं के लाभांवित हितग्राहियों को हित लाभ वितरण किया गया।

कोई भी पात्र योजनाओं के लाभ से वंचित न रहें : उईके

केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मोत्सव के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न सेवा कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 'सेवा परमो धर्म' की भावना को शासन की योजनाओं और जनकल्याण से जोड़ते हुए सेवा सेतु अभियान का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि पात्र नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

विचार ही भविष्य की प्रारंभिक नींव बनते हैं : तिवारी

भैंसदेही। विगत दिनों वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री गंजन सिंह कोरकू शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही में समाजशास्त्र विभाग के अंतर्गत विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। जिसमें भारतीय ज्ञान परंपरा के भारतीय समाज में बदलते मूल्य और युवा, विषय पर आमंत्रित पूर्व प्राचार्य एम ,डी, वाघमारे एवं वरिष्ठ पत्रकार समाजसेवी पंडित श्याम नारायण तिवारी ने प्राचार्य जितेंद्र दवंडे की उपस्थिति में अपने विचार व्यक्त किये प्राध्यापक वाघमारे ने अपने उद्बोधन में समाज में व्याप्त विकृतियों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को अपने संस्कारों को आत्मसात कर उन पर अमल करने का संकल्प दिलाया ।पंडित श्याम नारायण तिवारी ने गोस्वामी तुलसीदास जी की युक्ति को अत्यंत सरल शब्दों में जो आज भी प्रासंगिक है जिसमें मनुष्य का शरीर एक खेत के समान है, मन उसका किसान है और उसके कर्म उस खेत में बोए जाने वाले बीज है, किसान अंतत: वही फसल काटता है जो उसने बोयी है , उसी प्रकार मनुष्य अपने विचारों व्यवहार और कर्म के माध्यम से अपने भविष्य का निर्माण करता है, हर कर्म की शुरुआत एक विचार से होती है पहले विचार आता है फिर निर्णय और अंतत: कर्म इसलिए हमारे विचार ही भविष्य की प्रारंभिक नींव बनते हैं। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को नरेंद्र से स्वामी विवेकानंद बनने की कहानी सुना कर यह बताया उनके 1893 मेंअमेरिका के शिकागो में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन में पहुंचे वहां उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत अमेरिका के मेरे भाइयों बहनों कहकर कि उनके संबोधन ने वहां मौजूद लोगों को प्रभावित किया और भारत की संस्कृति का संदेश दुनिया तक पहुंचा वे युवाओं को हमेशा मेहनत और आत्मविश्वास का संदेश देते थे, उनके प्रसिद्ध संदेश था उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। उन्होंने अपना जीवन गुरु रामकृष्ण परमहंस से मानव की सेवा सबसे बड़ी सेवा है उन्होंने अपना जीवन लोगों की मदद और समाज को जागरूक करने के लिए कर दिया वे चाहते थे कि भारतवासी शिक्षित और आत्मविश्वासी बने इस अवसर पर अमर सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री गुंजन सिंह का स्मरण करते हुए 1930 में जंगल सत्याग्रह में उनके योगदान को याद किया।